**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 661**
**(06 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# अमृत सरोवर का निर्माण

**661. श्रीमती डिम्पल यादव:**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:**
**डॉ. जयंत कुमार राय:**
**श्री मनोज कोटक:**
**श्री निहाल चन्द चौहान:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के सभी ग्रामीण जिलों में मिशन अमृत सरोवर शुरू किया है;
(ख) मिशन अमृत सरोवर योजना के उद्देश्य और विशेषताएं क्या हैं;
(ग) पहचान किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है और आरंभिक चरण में आज तक कुल कितने अमृत सरोवर का निर्माण और विकास किया गया है , तत्संबंधी राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) अब तक आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने इस मिशन के अंतर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किया है , यदि हां, तो अब तक प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;
(च) मिशन अमृत सरोवर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(छ) अगले चरण के लिए अमृत सरोवर के निर्माण/विकास हेतु पहचान किए गए अथवा सूचीबद्ध ग्रामीण जिलों का चरण-वार ब्यौरा क्या है; और
(ज) ग्रामीण जिलों की सूची और प्रत्येक जिले में निधियों के आवंटन सहित उनके स्थान क्या-क्या हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** जी हां।

**(ख):** मिशन अमृत सरोवर दिनांक 24 अप्रैल, 2022 को शुरू किया गया था , जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए जल संरक्षण करना था। इस मिशन का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों (तालाब) का विकास/कायाकल्प करना है , जिससे देश में लगभग 50,000 अमृत सरोवर

विकसित हो सकें। अमृत सरोवर आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान किए गए कार्यों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। मिशन अमृत सरोवर की मुख्य विशेषताएं **अनुबंध-I** में दी गई हैं।

**(ग):** मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत चयन किए गए स्थलों की संख्या , कुल चिन्हित स्थलों में से शुरू किए गए कार्यों की संख्या और शुरू किए गए कार्यों में से पूरे किए गए कार्यों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत पहचान किए गए स्थलों की संख्या, कुल चिन्हित स्थलों में से शुरू किए गए कार्यों की संख्या और शुरू किए गए कार्यों में से पूरे किए गए कार्यों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा https://amritsarovar.gov.in/Masterreport पर उपलब्ध है।

**(घ):** अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की गयी थी।

**(ड):** सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए मिशन अमृत सरोवर का प्रारम्भिक लक्ष्य 50,000 (देश के प्रत्येक ग्रामीण जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर) था। दिनांक 10 मई 2023 को 50,000 अमृत सरोवर का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया था।

**(च):** बेहतर कार्यान्वयन के लिए मॉनिटरिंग एप्लिकेशन उपलब्ध कराया गया है। इस मंत्रालय द्वारा अमृत सरोवर के निर्माण , रखरखाव और उपयोग के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, मिशन की व्यापक मॉनीटरिंग के लिए एक मॉनीटरिंग एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इसके अलावा, मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केन्द्र और राज्य स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकों के साथ-साथ क्षेत्र के दौरे भी किए गए हैं।

**(छ):** दिनांक 10 मई 2023 को 50,000 अमृत सरोवर का लक्ष्य पहले ही प्राप्त कर लिया गया है। यह मिशन पूरा हो चुका है।

**(ज):** अमृत सरोवर का जिलेवार ब्यौरा https://amritsarovar.gov.in/Masterreport पर देखा जा सकता है। इस मिशन के लिए निधियों का अलग से कोई आवंटन नहीं किया गया है।

*****

**अनुबंध-।**

**लोक सभा में दिनांक 06.02.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 661 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध-।**

i. मिशन अमृत सरोवर ग्रामीण विकास मंत्रालय , जल शक्ति मंत्रालय , संस्कृति मंत्रालय , पंचायती राज मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा तकनीकी संगठनों की सहभागिता के साथ "संपूर्ण सरकार" के दृष्टिकोण पर आधारित है।

ii. इस मिशन के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण या पुनरूद्धार किया जाएगा।

iii. प्रत्येक अमृत सरोवर का तालाब क्षेत्र कम से कम 01 एकड़ होगा और उसकी जलधारण क्षमता लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर होगी।

iv. प्रत्येक सरोवर के चारो ओर नीम, पीपल और बरगद आदि जैसे पेड़ लगाए जाएंगे।

v. प्रत्येक अमृत सरोवर सिंचाई , मत्स्यपालन, बतखपालन, सिंगाड़े की खेती , जल पर्यटन और अन्य कार्यकलापों जैसे विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल के उपयोग द्वारा आजीविकाओं के सृजन का स्रोत होगा। अमृत सरोवर उस बस्ती में जनसमुदाय के एकत्र होने के स्थल के रूप में भी कार्य करेगा।

vi. मिशन अमृत सरोवर आजादी के अमृत महोत्सव में किए गए कार्य की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है।

vii. प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर स्वतंत्रता दिवस के प्रत्येक अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। मिशन अमृत सरोवर से स्वतंत्रता सेनानियों या उनके परिजनों, शहीदों के परिजनों, पद्म पुरस्कार विजेताओं को जोड़ा जाएगा।

viii. मिशन अमृत सरोवर के कार्य राज्यों की अपनी योजनाओं के अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) जैसी योजनाओं , 15वें वित्त आयोग के अनुदानों प्रधानंत्री कृषि सिंचाई योजना उप योजनाओं जैसे कि वाटर शेड विकास घटक, हर खेत को पानी, जैसी पहले से चल रही विभिन्न योजनाओं के साथ अभिसरण से राज्यों और जिलों के माध्यम से किए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए जनसामान्य से चंदे जैसे लोक अंशदान और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के उपयोग की भी अनुमति है।

ix. इस मिशन अमृत सरोवर में जल संरक्षण , जनभागीदारी तथा जलनिकायों से खोद कर निकाली गई मिट्टी के अवसंरचना परियोजनाओं में समुचित उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

x. रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा अवसंरचना परियोजना विकास में लगी अन्य सार्वजनिक एजेंसियां भी अमृत सरोवर से खोद कर निकाली गई मिट्टी/गाद के उपयोग के प्रयोजनार्थ इस मिशन में शामिल हैं।

****

**लोक सभा में दिनांक 06.02.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 661 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध-II**

| मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत चयन किए गए स्थलों की संख्या, कुल चिन्हित स्थलों में से शुरू किए गए कार्यों की संख्या और शुरू किए गए कार्यों में से पूरे किए गए कार्यों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | चयन किए गए स्थलों की संख्या | कुल चिन्हित स्थलों में से शुरू किए गए कार्यों की संख्या | शुरू किए गए कार्यों में से पूरे किए गए कार्यों की संख्या |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 395 | 257 | 247 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5100 | 3911 | 2196 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2856 | 2245 | 2044 |
| 4 | असम | 3424 | 3058 | 2890 |
| 5 | बिहार | 4418 | 3306 | 2717 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 3880 | 3231 | 2916 |
| 7 | गोवा | 166 | 166 | 165 |
| 8 | गुजरात | 2650 | 2649 | 2649 |
| 9 | हरियाणा | 7746 | 3373 | 1764 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 2685 | 2024 | 1787 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4519 | 2825 | 2653 |
| 12 | झारखंड | 4160 | 2608 | 2088 |
| 13 | कर्नाटक | 5264 | 4670 | 3786 |
| 14 | केरल | 936 | 936 | 856 |
| 15 | लद्दाख | 210 | 155 | 152 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 6667 | 5991 | 5537 |
| 17 | महाराष्ट्र | 3397 | 3195 | 3013 |
| 18 | मणिपुर | 1607 | 1257 | 1224 |
| 19 | मेघालय | 1299 | 773 | 687 |
| 20 | मिजोरम | 1362 | 1047 | 1019 |
| 21 | नागालैंड | 356 | 289 | 267 |
| 22 | ओडिशा | 4656 | 3271 | 2385 |
| 23 | पुदुचेरी | 171 | 157 | 152 |
| 24 | पंजाब | 2373 | 1745 | 1422 |
| 25 | राजस्थान | 3980 | 3458 | 3085 |
| 26 | सिक्किम | 203 | 199 | 199 |
| 27 | तमिलनाडु | 3518 | 2740 | 2349 |
| 28 | तेलंगाना | 3942 | 2827 | 1888 |
| 29 | दादरा नगर और हवेली , दमन और दीव | 193 | 117 | 117 |
| 30 | त्रिपुरा | 953 | 953 | 948 |
| 31 | उत्तराखंड | 1983 | 1383 | 1302 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 24461 | 20572 | 15510 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 257 | 33 | 25 |

*****